# HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
# BENCH AT JAIPUR

S.B. Civil Second Appeal No. 158/2015

Om Prakash Gupta

----Appellant

Versus

Amarnath

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Alok Garg |
| For Respondent(s) | : | Ms.Gayatri Rathore Sr. Adv. with Mr. Ran Singh |

---

## HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA

## Order

**26/11/2025**

प्रकरण आज शीघ्र सुनवाई हेतु प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र संख्या–01/2025 पर सूचीबद्ध हुआ है। दोनों पक्षों को इस पर सुना गया।

विद्वान अधिवक्ता प्रत्यर्थी/प्रार्थी ने प्रकट किया कि प्रकरण पुराना है, ऐसी स्थिति में इसकी अंतिम रूप से सुनवाई की जाए। अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता ने प्रकट किया कि प्रार्थना–पत्र संख्या 01/2025 जो शीघ्र सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया है उसमें प्रकरण को दिनांक 06.04.2015 की आदेशिका के अनुसार विचारार्थ ग्रहण किए जाने के स्तर पर अंतिम रूप से निस्तारित करने की प्रार्थना की गई थी जबकि प्रकरण दिनांक 18.08.2025 को विचारार्थ ग्रहण किया जा चुका है और प्रकरण में विधिक सारवान प्रश्न भी निर्मित किया जा चुका है।

विचार किया गया। प्रार्थना–पत्र में वर्णित कारणों एवं विद्वान अधिवक्तागण पक्षकारान के तर्कों के प्रकाश में प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है एवं प्रकरण में अंतिम सुनवाई हेतु दिनांक 05.01.2026 निर्धारित की जाती है।

प्रकरण दिनांक 05.01.2026 को सूचीबद्ध हो।

(SHUBHA MEHTA),J

AJAY KUMAR SINGHAL /26